# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

नियमित मासिक प्रकाशन का सोलहवां वर्ष



Phone :
0294-2413117, 2411650
E-mail Id :
samitivigyan@gmail.com
Website :
www.vigyansamitiudaipur.org



अंक :191 | स्वैच्छिक सेवा का 59 वां वर्ष | फरवरी 2018


## विज्ञान लोकप्रियकरण

● **लोकविज्ञान प्रकाशन :** जनवरी अंक के लेख 'आनुवांशिकता की कहानी – 4, सब्जियों के चिकित्सकीय लाभ, ऑप्टीकल फाइबर, विज्ञान का रोचक ज्ञान।

## एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम : आदर्श ग्राम देवाली विकास कार्यक्रम -

● विज्ञान समिति के देवाली विकास कार्यक्रम के को ऑर्डीनेटर **डॉ जी एस आमेटा** के विशेष प्रयास से देवाली गाँव में 21 जनवरी से 6 फरवरी 18 तक ग्रामीण स्वरोजगार योजना आईसीआईसीआई फाउण्डेशन के अंतर्गत रुरल सेल्फ एम्प्लोयमेन्ट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के अंतर्गत 15 दिवसीय शिविर का आयोजन करवाया गया जिसमें गाँव की 30 महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण से गाँव में डेयरी उद्योग, हरा चारा उत्पादन, तथा वर्मी कम्पोस्ट बनाने की तकनीकी का प्रशिक्षण हुआ। जो बहुत प्रभावी रहा। कार्यक्रम के समापन पर प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को 1–1 किलो वर्मी कल्चर दिया गया। आईसीआईसीआई फाउण्डेशन का हार्दिक आभार।

● गृहविज्ञान महाविद्यालय ने विज्ञान समिति के सहयोग से देवाली में 7 दिन का एनएसएस का शिविर आयोजित किया जो 22 फरवरी से 28 फरवरी तक रहा। इस शिविर में एनएसएस की छात्राओं और छात्रों ने मिलकर एनएसएस प्रभारी **डॉ. विशाखा** के नेतृत्व में महिलाओं को नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से कई विषयों पर जानकारी दी। प्रतिदिन कार्य प्रारम्भ करने से पहले छात्र–छात्राओं ने गाँव में रेली निकाली जिससे काफी महिलाएं प्रशिक्षण स्थल पर एकत्र हुई। दिनांक 28 फरवरी को महाविद्यालय की अधिष्ठाता प्रोफेसर जैन तथा विज्ञान समिति के संस्थापक **डॉ के एल कोठारी** समापन समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने कार्यक्रम की रिपोर्ट सुनी कुछ नुक्कड़ नाटक भी देखे और यह पाया कि कार्यक्रम काफी उपयागी रहा। एनएसएस प्रभारी **श्रीमती शशि जैन** का नेतृत्व काफी उत्साहवर्धक था। गृह विज्ञान महाविद्यालय को इस आयोजन के लिए आभार।

●विज्ञान दिवस का आयोजन 27 फरवरी को स्थानीय विद्यालय में किया गया, जिसका वर्णन आगे उल्लेखित है।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ –** दिनांक 10 फरवरी 2018 को प्रातः 11 बजे आयोजित मासिक बैठक में **डॉ शिल्पी कोठारी** व **डॉ. प्रीति मेहता** ने "Can do Attitude" के बारे में प्रेजेंटेशन दिया व सभी महिलाओं से सकारात्मक विचारों की उत्कृष्टता, स्वयं को जानना, समझना, अपने लिए जीना आदि बातों को प्रोजेक्टर के माध्यम से कहानी द्वारा समझाया। सभी सदस्याओं का व्यक्तित्व परीक्षण भी किया गया।

●**वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ–** दिनांक 20 फरवरी 2018, मंगलवार, प्रातः 11 बजे से वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ की मासिक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में लगभग 70 सदस्याओं की भागीदारी रही। श्रमजीवी कॉलेज, उदयपुर की सेवा निवृत्त प्रोफेसर **डॉ श्रीमती कला मुणैत** ने मुख्य वार्ताकार के रूप में **'वसीयत के महत्त्व'** पर ज्ञानवर्द्धक एवं उपयोगी वार्ता दी। **डॉ कला मुणैत** का स्वागत **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने उपरणा ओढ़ा कर किया एवं वार्ताकार के प्रति आभार **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने व्यक्त किया।

सह समन्वयक **श्रीमती शिवा तलेसरा** ने एक मनोरंजक खेल आयोजित किया जिसमें उपस्थित सदस्याओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

●**ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** दिनांक 26 मार्च को आयोजित बैठक का आरम्भ प्रार्थना के साथ किया गया मंजुला शर्मा ने महिलाओं से सिलाई प्रशिक्षण की जानकारी ली। उनके द्वारा बनाए गए कपड़े देखे जो अच्छे सिले हुए थे। शेष बचे हुये कपड़ों से थैले बनाए।

नये सदस्यों को विज्ञान समिति के कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्हें विज्ञान समिति से जुड़ना एवं और महिलाओं को जोड़ने के लिए प्रेरित भी किया। सभी महिलाओं से फीस जमा करने के लिए कहा गया।

**डॉ के एल कोठारी** ने सभी को प्रेरणात्मक जानकारी दी व जीवन पच्चीसी के बिन्दुओं पर चर्चा की । विज्ञान दिवस के बारे में विस्तार से बताया और विज्ञान पर आधारित प्रश्न पूछे गये। **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने होली मनाने के कारणों पर प्रकाश डाला।


सम्प्रेरक : डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष; रमेश चन्द्र भटनागर, महासचिव
समन्वयक : डॉ. के.एल. कोठारी सम्पादक : श्री प्रकाश तातेड़

**श्रीमती रेणु भण्डारी** ने महिलाओं का परिचय कराया और लहर पर चर्चा की एवं कार्यक्रम का संचालन भी किया। चंदेसरा से आई महिलाओं ने अपने अनुभव और अचार, शर्बत बनाने की विधि को मौखिक बताया।

श्रीमती पुष्पा कोठारी ने महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा शिविर से जुड़ने के लिए कहा और आह्वान किया कि आप लोगों को जो कुछ अच्छा बनाना आता हो वो आकर सिखाओ एवं आप लोगों को आता है तो आप भी सिखाये।

**श्रीमती बेला जैन** ने महिलाओं को नमकीन , फाफड़ा और पौष्टिक लड्डू बनाना सिखाया जो कि महिलाओं को प्रेरणास्पद लगा।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

● **महिला समृद्धि कोष :** चंदेसरा की श्रीमती हेमलता मेनारिया, देवाली की गीता सेवा व विनिता सेन को पाँच–पाँच हजार का इस कोष से ऋण दिया ।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

●इस बार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम तीन दिवसीय रहा। 26 फरवरी को ग्रामीण महिला चेतना शिविर में उपस्थित महिलाओं को विज्ञान का महत्व, विज्ञान की उपलब्धियां तथा कुछ विज्ञान की अच्छी बातों को अपनाने की जानकारी प्रदान की गयी।

●27 फरवरी को घणोली एवं देवाली गांव के राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों व शिक्षकों को **प्रो. महीप भटनागर** एवं **डॉ. प्राची अविनाश** ने विज्ञान की कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां तथा पोषण सम्बन्धित वैज्ञानिक जानकारियाँ प्रदान की। प्रश्नोत्तर का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

●28 फरवरी को विज्ञान समिति के मेरी क्यूरी सभागार में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उदयपुर की प्रतिभा **सुश्री गौरवी (14 वर्ष)** की उत्कृष्ट तैराकी में उपलब्धि हेतु सम्मान किया गया। विद्यालय एवं महाविद्यालयों की, 27 विज्ञान की छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गयी। 8 विद्यालयों में से उपस्थित छात्रों ने देश में छात्रों की विज्ञान के प्रति रुची कैसे बढ़ाई जाये विषय पर 4–4 मिनट में अपने विचार अभिव्यक्त किये। छात्रों की प्रस्तुति पर निर्णायकों द्वारा **सुश्री भूमि अरोड़ा**









सेन्ट एन्थोनी सी.से.स्कूल, **सुश्री दीक्षिता माली** गुरु नानक सी.सै. स्कूल, **सुश्री तनिषा आचार्य** सेन्ट ग्रिगोरियस सी. सै. स्कूल क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय घोषित की गयी।

**प्रो. के. पी. तलेसरा**, विज्ञान दिवस पर प्रमुख वार्ताकार थे तथा उन्होंने **''विज्ञान द्वारा विलक्षण पदार्थो की जानकारी''** विषय पर वार्ता प्रस्तुत की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **डॉ. रणजीत चौधरी,** आर एस एम एम के पूर्व महाप्रबन्धक तथा अध्यक्षता **प्रो. महीप भटनागर** ने की।



कार्यक्रम का संयोजन **श्रीमती रेणु भण्डारी** एवं **श्री प्रकाश तातेड़** ने किया। आभार महासचिव **श्री आर सी भटनागर** ने व्यक्त किया।

## स्वास्थ्य सेवाएं

● **निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण

प्रन्यास, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हो रहे हैं। फरवरी माह में 9 शिविर आयोजित हुए जिसमें 135 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। सभी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा। आभार।

● **श्री विजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में **छपनवां शिविर** दिनांक 18 फरवरी 2018 तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं ह्रदय रोग विशेषज्ञ, **डॉ. ए.के. बापना** वरिष्ठ फिजिशियन **डॉ. अनुराग तलेसरा** वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ, **डॉ. भानु प्रकाश वर्मा,** ईएनटी विशेषज्ञ, **डॉ. शोभालाल औदिच्य,** आयुर्वेद विशेषज्ञ, **दर्शन डेंटल कॉलेज** की दंत चिकित्सकीय टीम, **डॉ. शैल गुप्ता** योग विशेषज्ञ, **श्री एल.एन. शर्मा, श्री ललित पोरवाल, श्री स्वप्निल ओझा, तारा मेहता, श्री सुखमल जैन, सुरभी धाबाई, श्री देवीसिंह देवड़ा की** एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श सेवाएं यथावत प्रदान की। इनके अतिरिक्त टेक्निशियन्स – **श्री उमंग, श्री दिनेश कुमार, श्री प्रेम, श्री देवीलाल** ने भी अपनी सेवाएं दी। सभी के प्रति आभार।

शिविर में कुल 160 नागरिकों को (42 सामान्य, 05 ह्रदय रोग, 41 मधुमेह, 2 ईएनटी, 4 आयुर्वेद, 12 अस्थिरोग,) विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 05 नागरिकों को एक्यूप्रेशर थेरेपी से चिकित्सा परामर्श दिया गया। आगामी **सतावनां शिविर 18 मार्च 2018** रविवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में **डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. एल.एल. धाकड़, डॉ. के.एल. तोतावत, डॉ. बी.एल. चावत, श्री आर.सी. भटनागर, श्री गणेश डागलिया, श्री राजेन्द्र खोखावत, श्रीमती शकुन्तला धाकड़ एवं श्रीमती रेणु खमेसरा** ने विशेष सेवाएं दी।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

दर्शन विज्ञान प्रकोश्ठ की बैठक 15/2/18 को आयोजित हुई। **डॉ एन एल कच्छारा** ने **''आधुनिक परिप्रेक्ष्य में जैन लोक विषय''** पर वार्ता प्रस्तुत की और बताया कि जैन लोक एक बहुक्षेत्रीय संरचना है। इस अवसर पर उनकी नई पुस्तक "Living system" पद Jainism" A Scientific Study' का भी विमोचन किया गया। माननीय सदस्यों ने डॉ कच्छारा को उनके जन्मदिन की बधाई दी।

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

● रोटरी क्लब उदयपुर के D.P.G. **श्री निर्मल सिंघवी** CA ने केन्द्रीय बजट के प्रमुख प्रावधानों पर प्रकाश डाला। वार्ता का मुख्य विषय वरिष्ठ नागरिकों को इन्कम टैक्स के वर्तमान प्रावधानों तथा बजट में प्रस्तातिवत छूट को विस्तार से बतलाया। उन्होंने सदस्यों के उठाए गये मुद्दों पर उन्हें संतुष्ट किया। उल्लेखनीय है कि प्रबुद्ध चिन्तन प्रकोष्ठ की इस मीटिंग में लगभग 20 सदस्यों ने आयोजन का पूर्ण लाभ उठाया तथा वक्ता को महत्त्वपूर्ण जानकारी के लिए धन्यवाद दिया।

## केलवा प्रोजेक्ट

● श्रद्धा का फरवरी अंक प्रकाशित एवं वितरित हुआ।

● 4 फरवरी को आचार्य भिक्षु प्रज्ञा सम्मान, आचार्य भिक्षु व्याख्यानमाला एवं **डॉ के एल कोठारी** द्वारा रचित काव्य कृति चंदन से वन्दन का विमोचन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि **प्रो. जगमोहन हूमर (कनाडा)** थे।

### आर्थिक सहयोग

- **सामान्य सहयोग**– श्री भंवरलाल डागलिया–रु. 2500/–
- **वार्षिक सहयोग**– श्रीमान् बी.एल. पोखरना– रु. 1000/–
- **छात्रवृति** – डॉ. रणजीत चौधरी – रु. 2,000/–

**सभी सहयोगकर्ताओं का हार्दिक आभार।**

दिनांक 23 फरवरी 2018 को **डॉ. रणजीत चौधरी** पूर्व मुख्य महाप्रबंधक राजस्थान स्टेट माइन्स एण्ड मिनरल्स के द्वारा आयोजित झामर कोटड़ा माइन्स अवलोकन कार्यक्रम में समिति के 23 सदस्यों ने भाग लिया एवं कई महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की। विज्ञान समिति डॉ. चौधरी के प्रति आभार व्यक्त करती है।



## विशेष विवरण

● विज्ञान समिति के उपाध्यक्ष **डॉ. के.एल. तोतावत** ने राजस्थान सरकार के गृह मंत्री माननीय **श्री गुलाबचन्द जी कटारिया सा.** से दिनांक 11 फरवरी 2018 को विज्ञान प्रयोगशाला के निर्माण कार्य की स्वीकृति पीपीपी मोड पर कराने हेतु सम्पर्क किया। माननीय मंत्री महोदय ने पत्र को चिन्हित कर उचित कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया।

## इसे अवश्य पढ़ें

● जब तक हम जिंदा रहते हैं, हमें लगता है कि हमारे पास खर्च करने के लिए पर्याप्त धन नहीं है। जब हम चले जाते हैं तब भी बहुत सा धन बिना खर्च हुए बच जाता है। इसलिए अधिक धन अर्जन के बजाय ज्यादा जरुरी है उपलब्ध धन का सही उपयोग।

● क्या आप जानते हैं कि महंगे फोन के 70: फंक्शन हम काम में नहीं लेते।महंगी कार की 70 : गति का उपयोग नहीं हो पाता। आलीशान मकानों का 70: हिस्सा खाली रहता है।अलमारी में भरे 70 : कपडे़ बेकार पढे रहते हैं, यहाँ तक कि हमारे 70 : गुणों का भी उपयोग नहीं हो पाता।

● प्रार्थना के वक्त अपने मन को काबू में रखें, खाना खाते समय पेट को काबू में रखें सभा में बैठें तो जबान को काबू में रखें, पराया धन देखें तो लालच को काबू में रखें।

## जन्मदिन की बधाइयाँ


**March**

| | |
|---|---|
| Sh. SL Godawat | 03/03 |
| Dr. Prachi Bhatnagar | 04/03 |
| Sh. V.K. Sood | 06/03 |
| Sh. RS Sojatia | 08/03 |
| Shri Arun Kothari | 09/03 |
| Dr. R.L. Jain | 10/03 |
| Mrs. Manjula Bordia | 13/03 |
| Sh. V.B. Singh | 21/03 |
| Sh. B.S. Mehta | 24/03 |
| Sh.Babulal Kothari | 25/03 |
| Mrs. Mamta Kothari | 27/03 |

**April**

| | |
|---|---|
| Sh. Shailendra Kr. Mehta | 01/04 |
| Sh. Prakash Tater | 03/04 |
| Smt. Nirmala Shah | 03/84 |
| Dr. Arun Bordia | 06/04 |
| Smt. Ashok Rathod | 06/04 |
| Dr. Sujjan Singh | 10/04 |
| Sh. R.C. Mehta | 11/04 |
| Sh.Hemant Bohra | 12/04 |
| Sh- B.M. Dixit | 17/04 |
| Sh.T.P. Paliwal | 25/04 |

HAPPY BIRTHDAY



फरवरी माह में डॉ. महीप भटनागर का जन्मदिन समिति परिसर में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

## विज्ञान समिति के मार्च माह के कार्यक्रम

● **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन

● **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❐ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❐ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 18 मार्च 2018 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| ✷ कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम में कार्यक्रम | लगभग प्रति सप्ताह | |
| ✷ नवाचार महिला प्रकोष्ठ, वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ एवं ग्रामीण महिला चेतना शिविर का संयुक्त कार्यक्रम –अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस | शुक्रवार 16 मार्च प्रातः | 11.00 बजे से |
| ✷ दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ | सोमवार 12 मार्च प्रातः | 11.00 बजे से |
| ✷ प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ | शनिवार 31 मार्च प्रातः | 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| ✷ समिति पदाधिकारियों की चर्चा बैठक | बुधवार 14 मार्च प्रातः | 11.00 बजे से |
| ✷ महावीर जयन्ती की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी (महावीर परिषद, उदयपुर एवं विज्ञान समिति के संयुक्त तत्वावधान में) | बुधवार 28 मार्च अपरान्ह | 04.30 बजे से |
| ✷ अन्य कार्यक्रम निशिचत होने पर | | |

**अपील**

● कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है।इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है।कृपया सहयोग प्रदान करावें।

● निर्माण, स्थायी कोष (कोरपस फंड), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्त सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)